बिहारीलाल बिश्नोई भरतपुर संभाग प्रभारी बने

नोखा, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान के सभी संभागों के प्रभारियों के नामों की घोषणा कर दी। संगठनात्मक मजबूती की दिशा में उठाए गए इस कदम के तहत नोखा के पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई को भरतपुर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बिहारीलाल बिश्नोई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह संभाग क्षेत्र भरतपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस नियुक्ति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाना और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए भाजपा को मजबूत करना है। बिश्नोई को संगठनात्मक अनुभव और क्षेत्रीय पकड़ के चलते यह अहम जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी की ओर से जारी आधिकारिक पत्र में अन्य संभाग प्रभारियों के नाम भी घोषित किए गए हैं। सूची के अनुसार बीकानेर संभाग की जिम्मेदारी मिथिलेश गौतम को सौंपी गई है। जयपुर संभाग के प्रभारी स्वयं प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी होंगे। अजमेर संभाग में कैलाश मेघवाल को दायित्व दिया गया है। जोधपुर संभाग के प्रभारी भूपेन्द्र सैनी बनाये गए हैं।

मांगों को लेकर कर्मचारी नेताओं की चेतावनी महारैली 12 को

- **पदोन्नति विसंगति दूर करवाना एवं 8, 16, 24, 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करवाना व केन्द्र के समान पे लेवल, पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का नियमितीकरण अदि मांगे शामिल है**

बीकानेर,(कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की 12 जनवरी को जयपुर में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के समर्थन में चेतावनी महारैली को सफल बनाने के लिए सम्पर्क अभियान जारी रहा।

रैली को सफल बनाने के लिए कर्मचारी नेता संजय पुरोहित व आनंद पारीक के नेतृत्व में सोमवार को कर्मचारी नेताओं ने शिक्षा निदेशालय प्रारंभिक व माध्यमिक, पंजीयक परीक्षाएं, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग आदि कार्यालयों में सम्पर्क कर कर्मचारियों से रैली में भाग लेने की अपील की। जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि सात संकल्पों में पदोन्नति विसंगति दूर करवाना एवं 8, 16, 24, 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करवाना व केन्द्र के समान पे लेवल, पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा, संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का नियमितीकरण, पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी करवाना व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण, निजीकरण पर रोक लगाने व कर्मचारियों के मान, सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा शामिल है।

सोमवार को सम्पर्क दल में संजय पुरोहित, आनंद पारीक, रेवंतराम गोदारा, यतीश वर्मा, लक्ष्मीनारायण प्रजापत, हुक्माराम झोरड़, देवराज जोशी, देवेन्द्र जाखड़, अरूण गोदारा, असलम मोहम्मद, महेन्द्र पंवार, अरूण गोदारा, मकबूल अहमद, सुरेन्द्र भाटी आदि कर्मचारी नेता शामिल थे।

भीमसेन चौधरी की जयंती मनाई

बीकानेर, (कासं)। पूर्व मंत्री भीमसेन चौधरी के 102 वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मरूधरा की तपती रेत में हरियाली का स्वप्न देखने और उसे साकार करने वाले किसान नेता भीमसेन चौधरी शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आधारभूत ढांचागत विकास के क्षेत्र में एक क्रांति के सूत्रधार थे। वे सही मायनों में इस क्षेत्र में हरित व श्वेत क्रांति के अग्रदूत माने जाते हैं। यह बात पूर्व गृह राज्य मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल ने सोमवार को बीकानेर स्थित भीमसेन चौधरी सर्किल पर आयोजित 102 वें जन्मदिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही।

वीरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि खेतों में हरियाली और गांव-ढाणी तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने में भीमसेन चौधरी ने जीवनभर अथक प्रयास किए। उन्होंने दशकों पहले रेत के समंदर में हरियाली लाने का सपना देखा और इंदिरा गांधी नहर परियोजना से पानी लिफ्ट करवाकर उसे धरातल पर साकार कर दिखाया। यह उनकी दूरदृष्टि और संघर्ष का ही परिणाम था कि आज मरूधरा का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देता है। कार्यक्रम में वयोवृद्ध गांधीवादी अर्जुनराम कूंकणा एवं रामपाल महाराज द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना एवं संकीर्तन करवाया गया। उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर भीमसेन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में कांग्रेस नेता मदन गोपाल मेघवाल, श्रवण रामावत, शिवलाल गोदारा, पूर्व उपप्रधान भंवरलाल गोदारा, खाजूवाला से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुषमा बारूपाल, बीकानेर पंचायत समिति के पूर्व प्रधान लालचंद आसोपा, धर्मचंद चौधरी, मनोज चौधरी, इंदिरा गांधी नहर राष्ट्रीय मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भागीरथ सिंह खीचड़, एडवोकेट सत्यपाल सहू, पूर्व आरएएस सुभाषचंद्र चौधरी, डी सी गहलोत बीरबल सिंह चौधरी, संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर देवेंद्र चौधरी, राजेन्द्र भार्गव, उदय भान, किसान छात्रावास रानी बाजार के अध्यक्ष चेतराम थालोड़ आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

विधायक सुशीला डूडी का स्वागत

राजीव गांधी यूथ फैडरेशन का संरक्षक बनने पर नोखा विधायक सुशीला डूडी का स्मृति चिन्ह, शॉल से स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी यूथ फैडरेशन की ओर से नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी का राजस्थान प्रदेश राजीव गांधी यूथ फैडरेशन में संरक्षक बनने पर स्मृति चिन्ह, शॉल, माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद रमजान रंगरेज़ ने आभार जताते हुए कहा कि फैडरेशन में आपके मार्गदर्शन से युवाओं और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद होगा और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के साथ उद्देश्यों पर कार्य करता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष रंगरेज़ और प्रदेश पदाधिकारियों ने सुशीला डूडी को गणेशजी की आकृति में नाम लिखा स्मृति चिन्ह भेंट किया। फैडरेशन के प्रदेश सलाहकार पूनमचंद टॉक ने शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। फैडरेशन के प्रदेश सचिव महेंद्र ज्याणी, पार्षद गजानंद शर्मा, आबिद हुसैन, रियाज अहमद, वाजिद अली, बलराम नायक व अन्य कार्यकर्ताओं ने फूलमाला भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि आज इस नफरत के दौर में बीजेपी विकास के नाम पर केवल नाम बदलने का काम कर रही है चाहे वो रोड़े, हो शहर हो ता या फिर कांग्रेस पार्टी कि जनहित कल्याणकारी योजनाओं का हो। अब जरूरत है देश के युवाओं को देश कि एकता अखंडता व भाईचारे के लिए आगे आना होगा। देश में आज तानाशाही का माहौल बन गया है, संविधान को बचाना होगा। प्रदेश अध्यक्ष रंगरेज़ ने कहा कि फैडरेशन कांग्रेस पार्टी को युवाओं को जोड़कर ओर जनहित के मुद्दों को प्रखरता के साथ उठायेगा।

होनहार प्रतिभाओं का सम्मान

खत्री मोदी समाज की होनहार प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। स्थानीय रविन्द्र रंगमंच में श्री खत्री मोदी समाज सेवा समिति द्वारा पांचवा खत्री मोदी शिक्षा अवार्ड पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष श्याम मोदी ने बताया कि श्री दरियाव देव महाराज की पूजा अर्चना के साथ सरस्वती वंदना, गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में देशभर से समाज के होनहार छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश मोदी द्वारा टॉपर रहे कक्षा 10 वीं की छात्रा भविष्या खत्री, मनन्श मोदी व कक्षा 12 वीं से प्रियांशु गोची, लक्षिता मोदी, गोल्ड मेडलिस्ट व यूनिवर्सिटी के टॉपर खुशी मोदी (एम.ए. इंग्लिश) एवं खेल क्षेत्र में बाल प्रतिभा अक्षय मोदी को 5100 (पांच हजार एक सौ) की राशि देकर प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरकारी चयनित कार्मिक एवं उच्च अधिकारी के रूप में लगे राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी देवेन्द्र मोदी का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश मोदी का समिति के पदाधिकारियों द्वारा 21 किलो की माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के सेवा क्षेत्र में डॉ. प्रमिला खत्री, डॉ. संजय मोदी, प्रोफेसर एल. एन. खत्री, पूनम मोदी, दीनदयाल मोदी, देवेन्द्र मोदी, भंवर मोदी, बालकिशन मोदी, रामरतन मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र राय मलाणी का सेवा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए स्मृति चिन्ह व शॉल ओढाकर सम्मान किया गया।

ग्राम पं वार्ड परिसीमन का विरोध

कालू, (कासं)। कालू क्षेत्र की नकोदेसर ग्राम पंचायत में पंचायत समिति वार्ड परिसीमन का विरोध किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों और नकोदेसर पुरा गांव के निवासियों ने संगठित होकर इस परिसीमन पर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत समिति वार्ड का वर्तमान परिसीमन उचित नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या को समझने और क्षेत्र के परिसीमन को सही तरीके से करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है। विरोध का मुख्य कारण यह है कि इस परिसीमन के तहत नकोदेसर पंचायत को दो भागों में बांटा जा रहा है, जिसे ग्रामीण दुर्भाग्यपूर्ण मान रहे हैं। उनका मानना है कि इससे प्रशासनिक और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होंगी। यह विरोध पंचायत समिति कार्यालय, जिला पंचायत अधिकारी, राज्य चुनाव आयोग, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया गया है। ग्रामीणों ने इन सभी से हस्तक्षेप कर उनकी मांग पर विचार करने की अपील की है।

जमीन विवाद में मारपीट

नोखा, (कासं)। जसरासर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में मेघवाल समाज का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीडित अमरसिंह पुत्र हीराराम, निवासी झाड़ेली तहसील जसरासर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार अमरसिंह खसरा नंबर 1516/731 व 730 स्थित अपनी जमीन पर दीवार का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान कुछ आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जबरन काम रुकवाने की कोशिश की। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। बीच-बचाव करने आए लोगों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना के बाद घायल अमरसिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

बीडीए से कलानुशासनों के पुरस्कार प्रारंभ करने की मांग

बीकानेर, समृद्ध साहित्यिक परंपरा रही है, साथ ही विशेष तौर से हिन्दी, उर्दू एवं राजस्थानी साहित्य का सृजन निरन्तर होता रहा है और बीकानेर का भाषा समन्वय एवं अपनत्व की पहचान प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। बीकानेर की ऐसी साहित्य विरासत और उसको संजोने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करना नगर की परंपरा रही है। इसी परंपरा का निर्वहन दशकों तक बीकानेर नगर विकास न्यास द्वारा किया जाता रहा है। परन्तु वर्तमान में उक्त सम्मान-पुरस्कार प्रदत्त करने की परंपरा का निक्न्हन नहीं हो रहा है। इस संदर्भ में राजस्थानी युवा लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने बताया कि न्यास के कार्यकाल के समय बंद हुए पुरस्कार बाबत पूर्व में भी मांग की गई थी। परन्तु उस पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई। कमल रंगा एवं क़ासिम बीकानेरी ने बताया कि वर्तमान में बीकानेर विकास प्राधिकरण बन चुका है। ऐसी स्थिति में बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा बीकानेर के रचनाकारों को पुरस्कृत करने की परंपरा को नए सिरे से प्रारंभ किया जाना चाहिए।

खेजड़ी सहित हरे पेड़ों की अवैध कटाई का विरोध

- **बज्जू उपखंड मुख्यालय पर सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने राज्य में अंधाधुंध वृक्षों की कटाई रोकने के लिए कठोर कानून की मांग करते हुए प्रदर्शन किया**
- **इस प्रदर्शन में बज्जू उपखंड के दर्जनों गांवों से सैकड़ों जीव और पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए, मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

बज्जू, (कासं)। बज्जू उपखंड मुख्यालय पर सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने राज्य में अंधाधुंध वृक्षों की कटाई रोकने के लिए कठोर कानून की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा। इस दौरान पर्यावरण प्रेमियों ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा कानून में किए गए बदलावों का विरोध करते हुए नारेबाजी भी की। बीकानेर सहित पूरे राजस्थान में सोलर कंपनियों द्वारा बड़ी संख्या में हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। बीकानेर में इस मुद्दे पर पिछले 600 दिनों से सबसे लम्बा धरना जारी है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मौजूदा कानून पेड़ों की कटाई रोकने में अपर्याप्त है। जीव रक्षा संगठन से जुड़े श्रवण पूनिया ने बताया कि राज्य में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के कारण लाखों हरे पेड़, विशेषकर राज्य वृक्ष खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई हो रही है। सीमावर्ती जिलों में अब तक लाखों खेजडियां, जाल, कुमठ और फोग जैसे पेड़ काटे जा चुके हैं। पर्यावरण प्रेमियों की मांग है कि राज्य सरकार इनके बचाव के लिए सख्त प्रावधान करे और कटाई होने पर कड़ी सजा तथा भारी जुर्माने का प्रावधान हो।

मिठडिया के सहीराम पूनिया ने मांग की है कि राज्य वृक्ष खेजड़ी, कुमठा, फोग, राज्य पुष्प रोहिड़ा और जाल आदि वृक्षों के बचाव हेतु एक अलग से कानून (ट्री एक्ट) बनाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कानून मंत्री ने 3 दिसम्बर को एक प्रेस वार्ता में 1955 के कानून में जुर्माना राशि 100 रूपये से बढ़ाकर 1000 रूपये करने की जानकारी दी थी। लेकिन यह राशि वर्तमान समय को देखते हुए ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अनुमति देने से पहले इन पेड़ों की गिनती करके जियो टैगिंग की जाए। साथ ही स्थानीय निकाय जैसे ग्राम पंचायत या नगर पालिका से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का प्रावधान किया जाए और प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिए एक ग्रीन बेल्ट बनाना भी अनिवार्य हो। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते कठोर कानून नहीं बनाया गया तो पर्यावरण प्रेमी आगामी 2 फरवरी 2026 को बीकानेर मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन महापड़ाव पर बैठेंगे। इस प्रदर्शन में बज्जू उपखंड के दर्जनों गांवों से सैकड़ों जीव और पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए।

स्मैक तस्कर गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। नोखा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। नागौर रोड पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.81 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

थानाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर नागौर रोड पर एक व्यक्ति को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक की थैली से 5.81 ग्राम अवैध स्मैक मिली, जिसे मौके पर जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नोखा कस्बे के निवासी रमजान पुत्र सफी मोहम्मद, उम्र 35 वर्ष, के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ नोखा, पांचू और बीकानेर के विभिन्न थानों में पहले से ही आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें नशीले पदार्थों से जुड़े प्रकरण भी शामिल बताए जा रहे हैं। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

यूरिया की किल्लत, चार बैग की सीमा से नाराजगी

- **जिले में यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने के कारण किसानों को लम्बी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है**

बीकानेर, (कासं)। जिले में यूरिया की किल्लत से किसान परेशान हैं। मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने के कारण किसानों को लम्बी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई वितरण केन्द्रों पर किसानों को अधिकतम चार बैग यूरिया ही मिल पाया, जिससे उनमें नाराजगी है।

बीकानेर की कच्ची आढ़त मंडी के सामने स्थित सहकारी समिति की दुकान पर यूरिया लेने के लिए किसानों की लम्बी कतारें देखी गई। यहां किसानों को चार बैग से अधिक यूरिया नहीं दिया गया, जिससे वे निराश होकर लौटे। श्रीडूंगरगढ़ से यूरिया लेने बीकानेर पहुंचे किसान मदनलाल ने बताया कि उन्हें लगभग 40 बैग यूरिया की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कल श्रीडूंगरगढ़ में भी लाइन में लगे थे, लेकिन यूरिया नहीं मिला। आज किराये की गाड़ी से बीकानेर आने के बाद भी उन्हें केवल चार बैग ही मिल पाए जो उनकी जरूरत से बहुत कम हैं।

इसी तरह श्रीडूंगरगढ़ के बेणीसर गांव से आये किसान रेवंतराम ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि वे तीन ट्यूबवैल पर खेती करते हैं और उन्हें करीब 50 बैग यूरिया की जरूरत है। लेकिन उन्हें भी सिर्फ चार बैग ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि खाद के लिए बार-बार चक्कर लगाने से उनका खेती का काम प्रभावित हो रहा है।

मौके पर यूरिया वितरण की निगरानी कर रहे सहायक कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह शेखावत ने जानकारी दी कि वर्तमान में बीकानेर जिले में रिटेलर काउंटरों पर लगभग 962 मीट्रिक टन यूरिया का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कृषि उपज मंडी में भी दो दुकानों पर यूरिया का वितरण किया जा रहा है।

बीकानेर में कोहरा, 10 बजे तक धूप नहीं निकली

- **जनवरी में भी कड़ाके की सर्दी का इंतजार**

बीकानेर, (कासं)। सोमवार को बीकानेर में हल्का कोहरा रहा। सुबह करीब दस बजे तक धूप नहीं निकली लेकिन कोहरा घना नहीं था। इस पूरे सर्दी के सीजन में अब तक केवल दो से तीन बार ही घने कोहरे की स्थिति बनी है बाकी दिनों में दृश्यता सामान्य रही।

मौसम के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो बीकानेर में पिछले दस दिनों में अधिकतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। जबकि न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रहा है। इससे साफ है कि इस बार सर्दी स्थिर रही है और अब तक शीतलहर जैसे हालात नहीं बने हैं।

पिछले 10 दिनों के मौसम पर नजर डालें तो सर्दी का असर संतुलित नजर आ रहा है। तापमान में न गिरावट हुई और न ही अचानक उछाल देखा गया। सोमवार को बीकानेर का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीकानेर संभाग के लूणकरनसर क्षेत्र में भी मौसम का मिजाज लगभग समान रहा। यहां अधिकतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते दस दिनों में न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री के बीच बना हुआ है, जिससे कड़ाके की सर्दी जैसी स्थिति नहीं बनी। हालांकि सुबह और रात के समय ठंड है, लेकिन दोपहर में सर्दी का असर काफी कम हो जाता है।

नाल में बमनुमा वस्तु मिलने से मचा हड़कम्प

बीकानेर, (कासं)। नाल क्षेत्र में उस समय हड़कम्प मच गया जब नाईयों की बस्ती रोड पर एक बम जैसी संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही नाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सतर्क कर दिया गया।

नाल थानाधिकारी विकास विश्नोई ने बताया कि शाम करीब 5 बजे उन्हें सूचना मिली थी कि नाल स्थित नाईयों की बस्ती रोड पर एक बमनुमा वस्तु पड़ी है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस बल मौके पर भेजा गया और आसपास के लोगों को अलर्ट किया गया। थानाधिकारी विकास विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं। भारतीय वायुसेना एयरफोर्स और सेना को भी इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। संदिग्ध वस्तु की जांच की जा रही है।

ऊंट उत्सव नजदीक, जूनागढ़ के पास जलभराव और टूटी सड़कें बरकरार

- **देशी-विदेशी पर्यटक गुजरने वाले हैं, लेकिन जिम्मेदारों को न गंदगी दिख रही है और न ही सड़क की बदहाली**

बीकानेर, (कासं)। यहां की पहचान और गौरव का प्रतीक जूनागढ़ किला आज प्रशासनिक लापरवाही और घोर मिस-मैनेजमेंट का सबसे बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से जूनागढ़ के पास नालों और सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है।

नगर निगम कार्यालय के सामने, पेट्रोल पंप के पास और मुख्य मार्ग पर हालात ऐसे हैं कि राहगीरों को बदबू, फिसलन और गड्ढों से जूझना पड़ रहा है। यह वही रास्ता है, जहां से रोजाना आमजन, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और जल्द ही देशी-विदेशी पर्यटक गुजरने वाले हैं, लेकिन जिम्मेदारों को न गंदगी दिख रही है और न ही सड़क की बदहाली। नगर निगम से जूनागढ़ तक सीसी सड़क बनाई गई है, लेकिन उसके आगे निकलते ही हालात बद से बदतर हो जाते हैं। सड़क पर दो-दो फीट गहरे गड्ढे, उबड़-खाबड़ सतह और बीच सड़क पर बहता सीवरेज पानी दुपहिया ही नहीं, फोर व्हीलर चालको के लिए भी खतरा बन चुका है।

खुले नालों से निकलता गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हर वक्त बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि यह कोई सुनसान गली नहीं बल्कि शहर का सबसे महत्वपूर्ण और वीआईपी मार्ग है। इसके बावजूद प्रशासन की नाकामी यहां साफ दिखाई दे रही है। कलेक्टर, बीडीए आयुक्त, नगर निगम आयुक्त और पीडब्लयूडी के बड़े अधिकारी लम्बे समय से फील्ड में नजर नहीं आए। अधिकारी अगर दफ्तरों से बाहर निकले तो उन्हें जमीनी हकीकत खुद-ब-खुद दिख जाए। और भी चिंताजनक तथ्य यह है कि 9 से 11 जनवरी तक जिले में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव प्रस्तावित है। इसी मार्ग से देशी-विदेशी पर्यटक गुजरेंगे, लेकिन अफसरशाही फाइलों में दिशा-निर्देश जारी करने तक सीमित है। उन्हें इस बात की सुध तक नहीं है कि शहर के प्रवेश द्वार जैसे इलाके की हालत क्या है।

संगठन सशक्तिकरण पखवाड़ा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूती देगा : सुमन छाजेड़

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर संभाग कार्यालय में संगठन सशक्तिकरण पखवाड़ा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

बैठक का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में समन्वय बढ़ाना तथा संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम के सौरभ सारस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सजगता, अनुशासन और निरंतर सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों में गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ काम करने से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

बीकानेर संभाग कार्यालय में संगठन सशक्तिकरण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित संगठनात्मक बैठक को शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने संबोधित किया।

इस अवसर पर काशीराम गोदारा ने कहा कि संगठनात्मक बैठकें कार्यकर्ताओं को दिशा और उद्देश्य प्रदान करती हैं। बैठक का मूल लक्ष्य भारत की उन्नति और लोकतंत्र को सशक्त बनाना है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक पूरी निष्ठा और लगन से कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। जिला प्रभारी ओम सारस्वत ने संगठन सशक्तिकरण पखवाड़े के दूसरे चरण को लेकर कहा कि यह अभियान संगठनात्मक अनुशासन, आपसी समन्वय और जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आव्हान किया।

मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि बैठक में महापौर सुशीला कंवर, जिला महामंत्री श्याम सिंह हाड़ला, राजेन्द्र पंवार, नारायण चौपड़ा, मोहन सुराणा, अशोक मीणा, जिला उपाध्यक्ष दीपक पारीक, अशोक प्रजापत, मोतीलाल हर्ष, सोहन प्रजापत, भूपेन्द्र शर्मा, किशन मोदी, जिला मंत्री किशन चौधरी, तरूण स्वामी, धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, रामचंद्र सोनी, सुमन शेखावत, गोपाल अग्रवाल, चंद्रप्रकाश गहलोत मौजूद थे।

ऑन्कोलॉजी में डीएम शुरू करने की तैयारी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में मेडिकल ऑन्कोलॉजी में नए कोर्स के तौर पर डीएम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। नेशनल मेडिकल काउंसिल से डीएम की दो सीटों का आवंटन जल्दी ही होगा।

इससे कैंसर के इलाज के लिए हर साल सुपर स्पेशलिस्ट मिलेंगे। मेडिकल कॉलेज को विभिन्न विषयों में पीजी की आठ सीटों का आवंटन नेशनल मेडिकल काउंसिल ने किया है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी में डीएम की दो सीटों के आवंटन का इंतजार किया जा रहा है। आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर में वर्तमान में मेडिकल ऑन्कोलॉजी के एक प्रोफेसर और एक ही असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। एसोसिएट प्रोफेसर का पद खाली है, लेकिन नियमानुसार दो पद भरे होने के कारण यहां डीएम शुरू हो जायेगी। उसके बाद हर साल कैंसर के दो सुपर स्पेशलिस्ट तैयार होंगे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/5090 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 5.1.2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 25 के किला नं. 05 व 06 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री किशनलाल मोदी निवासी निवासी मकान नम्बर 05, गली नं.03 बाबादीप सिंह कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री किशनलाल मोदी निवासी निवासी मकान नम्बर 05, गली नं.03 बाबादीप सिंह कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 25 के किला नं. 05 व 06 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांकः नियमन/2025/5087 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.01.2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नमृता पत्नी श्री विजय कान्त पाठक एवं श्री शिवकान्त पाठक व विष्णुकान्त पाठक पिसरान श्री विजय कान्त पाठक निवासी 78 शिव कॉलोनी, अग्रवाल पीरखाना के पास, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकॉर्ड में नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है -

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्